दिन– सोमवार दिनांक– 28 / 07 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. सुप्रीम कोर्ट ने बिहार में मतदाता सूची के प्रारूप के प्रकाशन पर रोक लगाने से इनकार किया। संसद में विशेष मतदाता पुनरीक्षण पर हंगामा।

02. ऑपरेशन सिंदूर पर लोकसभा में चर्चा शुरू। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने कहा– ऑपरेशन किसी दबाव में नहीं रोका गया।

03. प्रदेश के विभिन्न भागों में भारी बारिश। पटना, नवादा, मुजफ्फरपुर समेत कई जिलों के निचले हिस्सों में जल जमाव से जन जीवन प्रभावित।

04. और, सावन की तीसरी सोमवारी पर मंदिरों और शिवालयों में श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़।

---

सर्वोच्च न्यायालय ने बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण के लिए निर्वाचन आयोग के अधिसूचित कार्यक्रम के अनुसार पहली अगस्त को मसौदा मतदाता सूची प्रकाशित करने पर रोक लगाने से इनकार कर दिया है। इस मामले पर विस्तृत सुनवाई बाद में होगी। एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स ने न्यायालय से प्रकाशन रोकने का अनुरोध किया था। एक रिपोर्ट–

———बाइट———कमिनी ठाकुर–100 सें

सुप्रीम कोर्ट ने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण के तहत मसौदा मतदाता सूची प्रकाशित करने पर रोक लगाने से इनकार कर दिया। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने इस मामले की सुनवाई करते हुए यह फैसला सुनाया। इस मामले की आज आज विस्तृत सुनवाई नहीं हो सकी क्योंकि न्यायमूर्ति सूर्यकांत को मुख्य न्यायाधीश के साथ एक प्रशासनिक बैठक में भाग लेना था। हालांकि, उन्होंने याचिकाकर्ताओं को आश्वासन दिया कि मामले की शीघ्र सुनवाई की जाएगी। एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स की ओर से अधिवक्ता गोपाल शंकरनारायणन ने न्यायालय से प्रकाशन रोकने का अनुरोध किया। उन्होंने यह तर्क दिया है कि इससे लगभग साढ़े चार करोड़ मतदाताओं को असुविधा हो सकती है। न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने अपनी टिप्पणी में कहा है कि सूची केवल एक मसौदा है और यदि इसमें कोई अवैधता पाई जाती है तो इसे बाद में अमान्य किया जा सकता है। बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण–एस.आई.आर. अभियान को वापस लेने की मांग सहित विभिन्न मुद्दों को लेकर विपक्षी सदस्यों की नारेबाजी के बाद संसद के दोनों सदनों की कार्यवाही बाधित हुई। इसके कारण लोकसभा और राज्यसभा की कार्यवाही दोपहर दो बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई। इस बीच चुनाव आयोग ने स्पष्ट किया है कि नोटिस दिये बिना सूची से किसी मतदाता का नाम नहीं काटा जायेगा। आयोग ने कहा कि प्रारूप मतदाता सूची से नाम हटाने से पहले निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी या सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी मतदाताओं को नोटिस भेजेंगे। यदि मतदाता ईआरओ के निर्णय से असहमत होते हैं तो वे जिलाधिकारी और उसके बाद मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के समक्ष अपील कर सकते हैं। आकाशवाणी समाचार के लिए समाचार कक्ष से मै कामिनी ठाकुर।

---

आज लोकसभा में ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा शुरू हुई। चर्चा शुरू करते हुए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि इस ऑपरेशन का उद्देश्य कोई युद्ध छेड़ना नहीं था।

दस मई की सुबह जब भारतीय वायुसेना ने पाकिस्तान के कई हवाई क्षेत्रों पर करारा प्रहार किया तो पाकिस्तान ने हार मान ली और शत्रुता रोकने की कोशिश की। हमारे डी.जी.एम.ओ से बात की और इसे रोकने की अपील की।

———बाइट———

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि भारत ने कार्रवाई इसलिए रोकी क्योंकि संघर्ष के पहले और उसके दौरान जो भी राजनीतिक और सैन्य लक्ष्य तय किए गए थे उसे हम पूरी तरह से हासिल कर चुके थे। इसलिए यह कहना कि ऑपरेशन किसी दबाव में रोका गया था यह बेबुनियाद और सरासर गलत है।

———बाइट———

---

लोकसभा में ऑपरेशन सिंदूर पर बहस के दौरान कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई ने अरोप लगाते हुए कहा कि जब पूरा देश और विपक्ष पीएम मोदी का समर्थन कर रहा था तो अचानक ऐसा क्या हुआ कि उन्हें दस मई को युद्धविराम करना पड़ा।

———बाइट———

---

केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर पर विपक्ष लगातार चर्चा की मांग कर रहा था। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि जब सरकार चर्चा के लिए तैयार है तो विपक्ष चर्चा नहीं होने दे रहा है।

———बाइट———

---

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पी. चिदंबरम के पहलगाम हमले को लेकर दिए गए बयान पर विवाद खड़ा हो गया है। श्री चिदंबरम ने कहा है कि एनआईए के पास क्या सबूत है कि हमलावर विदेशी थे।

———————————————————————————

केंद्रीय मंत्री प्रल्हाद जोशी ने ऑपरेशन सिन्दूर पर कांग्रेस नेता पी. चिदम्बरम की टिप्पणी की आलोचना की है। संसद के बाहर संवाददाताओं से बातचीत में श्री जोशी ने कहा कि श्री चिदम्बरम को यह अहसास होना चाहिए कि इस प्रकार के बयान पाकिस्तान के रवैये को और बढावा देंगे।

———बाइट———

अभी तो हमने पूरा प्रूफ देखे। इस समय कांग्रेस के बड़े नेता ऐसे बयान देने से एक तरह के पाकिस्तान का जो स्टैंड है उसको बल मिलेगा इतना तो कम से कम वो जानना चाहिए।

———————————————————————————

भाजपा सांसद राजीव प्रताप रूडी ने भी कांग्रेस नेता चिदम्बरम की टिप्पणी की निंदा की है। श्री रूडी ने आकाशवाणी से बातचीत में कहा कि ऑपरेशन सिन्दूर पाकिस्तान पर भारत की जीत को दर्शाता है।

———बाइट———

कुछ लोग राजनीति में अपनी अप्रासंगिकता में वापस आने का प्रयास करते है। कुछ विरोधाभासी बयान, कुछ विवादसस्पद बयान दे करके अपनी उपस्थिति दर्ज करते हैं। मुझे लगता है कि चिदंबरम साहब ने ऐसा ही प्रयास किया, लेकिन सच्चाई है कि पूरा भारत एक बड़े विजय की तरफ ऑपरेशन सिंदूर, पाकिस्तान का शिखस्त होना और भारत की जीत का प्रमाण है और ऐसी स्थिति में पार्लियामेंट में कुछ सवाल खड़े करना बड़ा बहस है सिंदूर पर और देश सुनेगा की किस तरह से पराक्रम प्राप्त किया गयझं

———————————————————————————

राजधानी पटना समेत आस–पास के इलाकों में मुसलाधार बारिश के कारण आम जन जीवन प्रभावित हुआ है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान नवादा में भारी बारिश दर्ज की गई है। वहीं, सीवान, मुजफ्फरपुर, भागलपुर, वैशाली, पटना और बेगूसराय जिले में हल्की से मध्यम वर्षा रिकॉर्ड की गई। वर्षा के चलते कई जगहों पर जलजमाव की स्थिति हो गयी। पटना जंक्शन पर रेलवे ट्रैक पर पानी आ जाने से कई ट्रेनों का

परिचालन भी प्रभावित हुआ। विधानसभा और कई मंत्रियों के आवास में भी जल जमाव देखा गया। खराब मौसम के कारण मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का कटिहार का दौरान रद्द करना पड़ा। इधर, मौसम विज्ञान केन्द्र पटना ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि जमुई, भागलपुर, अररिया, बांका में कुछ जगहों पर भारी बारिश की संभावना है।

———बाइट———

---

राज्य के विभिन्न भागों और नेपाल की तराई वालें भाग में हो रही लगतार वर्षा के कारण गंगा, कोसी, गंडक और बूढ़ी गंडक समेत विभिन्न नदियों के जलस्तर में बढोतरी दर्ज की गयी है। इससे नदियों के आस–पास के क्षेत्रों तथा निचले इलाकों में बाढ़ का खतरा बना हुआ। गंगा नदी का जलस्तर पटना के गांधीघाट और हाथीदह में चेतावनी स्तर से ऊपर तथा भागलपुर के कहलगांव में चेतावनी स्तर के करीब बना हुआ है। पुनपुन नदी पटना के श्रीपालपुर में चेतावनी स्तर से ऊपर बह रही है। वहीं, गंडक नदी का जलस्तर गोपालगंज के डुमरियाघाट में चेतावनी स्तर को पार कर गया है। बुढ़ी गंडक नदी का जलस्तर खगड़िया में खतरे के ऊपर बना हुआ है। कोसी नदी खगड़िया के बलतारा और कटिहार के कुरसेला में चेतावनी स्तर के पार बह रही है।

---

भागलपुर में गंगा का जलस्तर बढ़ने से निचले इलाकों में कटाव शुरू हो गया है। ब्यौरा हमारे संवाददाता से–

———बाइट———

गंगा के जल स्तर में वृद्धि से नवगछिया सहित भागलपुर के कहलगांव, सबौर, नाथनगर और सुल्तानगंज के निचले हिस्से में कटाव शुरू हो गया है। वहीं, जलस्तर में वृद्धि और लगातार हो रही बारिश के कारण प्रभावित लोग जान माल की सुरक्षा के लिए अभी से सुरक्षित जगह ढूंढने लगे हैं। भागलपुर शहर के बाबा बूढ़ा नाथ मंदिर के निचले हिस्से में भी पानी प्रवेश कर गया है। आकाशवाणी समाचार के लिए भागलपुर से विनोद कुमार।

---

मुंगेर में गंगा का पानी निचले इलाकों में फैलने से फसलों को भारी नुकसान हो रहा है। एक रिपोर्ट–

———बाइट———

मुंगेर जिले में निचले इलाके में गंगा का पानी प्रवेश होने के कारण दियारा इलाके में होने वाली सब्जी ,मकई, हरा चारा की फसल डूब जाने से किसान परेशान हैं। दियारा की कुतलुपुर, जाफरनगर, टिकारामपुर पंचायत में फसल डूब जाने से किसानों को भारी नुकसान हुआ है। वहीं, धरहरा प्रखंड के गंगा किनारे हो रहे कटाव को देख जिला प्रसाशन द्वारा कटाव रोधी का कार्य किया गया है। जिलाधिकारी अरविन्द कुमार वर्मा ने बताया कि बाढ़ को लेकर पूरी तैयारी की गयी है। इसके अलावा लोगों के रहने और खाने पीने की व्यवस्था की गई है। उन्होंने बताया की जिन –जिन पंचायतों में कटाव हो रहा है उन क्षेत्रो में कटाव रोधी कार्य किया जा रहा है। आकाशवाणी समाचार के लिए मुंगेर से प्रशांत कुमार सिंह।

———————————————————————

सहकारिता मंत्री प्रेम कुमार ने कहा है कि राज्य सरकार सभी पैक्सों को सशक्त और पारदर्शी बनाने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। श्री कुमार ने आज औरंगाबाद के सम्राट अशोक सभागार में सहकारिता बैंक की वार्षिक आम सभा का उद्घाटन करते हुए कहा कि किसानो को सहकारिता के जरिए उन्हें समृद्ध करना राज्य सरकार का उद्देश्य है।

———————————————————————

आज सावन की तीसरी सोमवारी है। इस अवसर पर पूरा वातावरण ओम नमः शिवाय के मंत्रोच्चार से गुंजायमान है।

———म्यूजिक———

मंदिरों और शिवालयों में सुबह से ही भगवान शिव के जलाभिषेक के लिए भक्तों का तांता लगा हुआ है। हमारे संवाददाता ने बताया कि सुल्तानगंज के अजगैबीनाथ, मुजफ्फरपुर के गरीबनाथ, सोनपुर के हरिहरनाथ, रोहतास के गुप्ताधाम, जहानाबाद के वाणावर, पटना के बैकटपुर धाम, लखीसराय के अशोकधाम, मधेपुरा के सिंहेश्वर स्थान, दरभंगा के कुशेश्वर स्थान, सुपौल के तिलहेश्वर स्थान और सहरसा के मटेश्वरनाथ मंदिर समेत विभिन्न मंदिरों में बड़ी संख्या में श्रद्धालु भगवान शिव की पूजा–अर्चना कर जलाभिषेक कर रहे हैं। इधर, भागलपुर के सुल्तानगंज में बड़ी संख्या में कांवरिया उत्तरवाहिनी गंगा का जल उठाने के लिये पहुंच रहे हैं। ये कांवड़ियां एक सौ पांच किलोमीटर से अधिक की दूरी तय कर झारखंड के देवघर स्थित बाबा बैद्यनाथ का जलाभिषेक करेंगे।

———म्यूजिक———

---

वैशाली में उनतीस जुलाई को बुद्ध सम्यक दर्शन संग्रहालय–सह–स्मृति स्तूप का लोकार्पण होगा। इस लोकार्पण समारोह में करीब पन्द्रह देशों के बौद्ध धर्मावलंबी और बौद्ध भिक्षु भाग लेंगे। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सोमवार को सोशल मीडिया पर इसकी जानकारी दी।

---

01. सुप्रीम कोर्ट ने बिहार में मतदाता सूची के प्रारूप के प्रकाशन पर रोक लगाने से इनकार किया। संसद में विशेष मतदाता पुनरीक्षण पर हंगामा।
02. ऑपरेशन सिंदूर पर लोकसभा में चर्चा शुरू। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने कहा– ऑपरेशन किसी दबाव में नहीं रोका गया।
03. प्रदेश के विभिन्न भागों में भारी बारिश। पटना, नवादा, मुजफ्फरपुर समेत कई जिलों के निचले हिस्सों में जल जमाव से जन जीवन प्रभावित।
04. और, सावन की तीसरी सोमवारी पर मंदिरों और शिवालयों में श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़।

---

समाप्त